## Headline

- दिल्ली में दर्दनाक हादसा: मॉस्किटो क्वाइल के धुएं से घुटा दम, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत
- Corona: दोगुनी रफ्तार से बढ़ा कोरोना, लगातार दूसरे दिन 3000 ज्यादा मामले; सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 15 हजार पार


दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 260 | इंदौर, शुक्रवार 31 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए






# मंदिर हादसा अब तक 35 मौतें

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह इंदौर पहुंचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में अब तक 35 लोगों की जान चली गई हैं। 20 से ज्यादा लोगों का अभी इलाज चल रहा है। देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। रात 12 से 1.30 बजे के बीच 16 शव और निकाले गए। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू दोबारा शुरू किया गया। बावड़ी की दीवारें और स्लैब तोड़ी जा रही है। आर्मी ने भी मोर्चा संभाल रखा है। प्रशासन की भी कई टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल हैं। बावड़ी से काला पानी निकल रहा है, जिससे टीम को परेशानी आ रही है। 53 वर्षीय एक व्यक्ति अभी तक लापता है।

गुरुवार को रामनवमी पर यहां पूजा की जा रही थी। 11 बजे हवन शुरू हुआ था। मंदिर परिसर के अंदर बावड़ी की गर्डर फर्शी से बनी छत पर 60 से ज्यादा लोग बैठे थे। तभी स्लैब भर-भराकर गिर गया। सारे लोग 60 फीट गहरी बावड़ी में जा गिरे। यह मंदिर करीब 60 साल पुराना है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह इंदौर पहुंचे। यहां उन्होंने घायलों और उनके परिजन से मुलाकात की। इसके पश्चात घटनास्थल का दौरा भी करेंगे। उनके साथ गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए आर्मी को बुलाया गया है। सुबह जवानों की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

उधर, यहां पर मौजूद राजेश यादव भी बावड़ी में गिरे थे। रेस्क्यू टीम ने उनको बाहर निकाल लिया। उन्होंने बताया, 'पूर्णाहुति के समय अचानक जमीन धंस गई। हम बावड़ी में जा गिरे। सब चिल्ला रहे थे। मैं जैसे तैसे बावड़ी के कोने तक पहुंचा। आसपास की फर्शियां धंस रही थी। मेरे साथ 10-12 लोग पत्थर पकड़ कर रुक गए। एक महिला को रस्सी से ऊपर ले जा रहे थे तभी वह ऊपर से गिरी उन्हें नहीं बचा पाए।

उधर बावड़ी में बार-बार पानी भर रहा था, जिससे बचाव प्रभावित हुआ। सीवरेज का पानी भी आ रहा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रस्सियों के सहारे कुएं से लोगों को निकाला। अफसरों को अंदेशा है कि कुछ और शव अभी भी मलबे में दबे हो सकते हैं।

सुबह मंदिर में हितांश खानचंदानी की इस हादसे में उसकी मौत हो गई। देर रात डेढ़ साल के हितांश का शव लेकर एम्बुलेंस अस्पताल पहुंची तो शव देखकर पिता प्रेमचंद खानचंदानी उससे लिपट गए। हितांश को साथ लेकर गईं भूमिका और मनीषा की भी मौत हो गई।



बावड़ी में पानी ज्यादा होने से रेस्क्यू में परेशानी आई। जिसके बाद पानी को पंप की मदद से बाहर निकाला गया। पानी कम होने पर फिर रेस्क्यू शुरू किया गया। कुएं में बहुत ज्यादा पानी था, कुछ दिख नहीं रहा था। पानी को लगातार खाली किया गया। जिसके बाद और भी डेडबॉडी उसमें दिखी। आर्मी की टीम, पुलिस और प्रशासन रेस्क्यू में लगा है। शुरुआत में करीब 20 लोगों को सकुशल बावड़ी से बाहर निकाला गया। इनमें से घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

### ● लोगों को पता ही नहीं था वह बावड़ी पर बैठे हैं

स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, मंदिर समिति ने बिना अनुमति 30 साल पहले अवैध ढंग से बावड़ी को ढंक दिया। पूजा कर रहे लोगों को भी पता ही नहीं था कि वे बावड़ी पर बैठे हैं। निगम के रिकॉर्ड में दर्ज 629 बावड़ियों की सूची में पटेल नगर की बावड़ी का कहीं जिक्र ही नहीं था। समिति ने बावड़ी पर जाली ढक कर ऊपर फर्श बना दिया था।

पिछले साल अवैध निर्माण की शिकायत के बाद निगम ने नोटिस जारी किया तो समिति अध्यक्ष सेवाराम गलानी ने बावड़ी खोलने की बात कही थी। नेताओं के हस्तक्षेप के कारण निगम ने भी सिर्फ नोटिस देकर जिम्मेदारी पूरी कर ली कार्रवाई से बचता रहा।

7 दिन में हटाने का नोटिस दिया था

23 अप्रैल 2022 को रहवासियों की शिकायत पर समिति अध्यक्ष गलानी को अवैध निर्माण का नोटिस दिया।

30 जनवरी 2023 को स्नेह नगर विकास मंडल की शिकायत पर नोटिस दिया। जवाब वही, कोई गड़बड़ नहीं है।

इस महिला को रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला तो उसने सबसे पहले लोगों का हाथ जोड़कर धन्यवाद किया।

### ● पहली बार बावड़ी पर जमा हुई थी इतनी भीड़

प्रत्यक्षदर्शी लक्ष्मीकांत पटेल ने बताया कि पहली बार हवन अंदर हुआ था, क्योंकि अगले साल से मूर्तियां नए मंदिर में शिफ्ट होने वाली थीं, इसलिए फैसला किया गया था कि भगवान की सामने ही हवन करेंगे। यही वजह रही कि बावड़ी पर इतनी भीड़ जमा हो गई। इससे पहले हवन मंदिर के अंदर होता था।

# पालने में झूलते रामलला की जन्म आरती में झूमे श्रद्धालू

## डेढ़ लाख से अधिक भक्त पहुंचे अवध लोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक पर गत 22 मार्च से चल रहे नौ दिवसीय 'सबके राम महोत्सव का समापन आज शाम हुआ। इसके पूर्व दोपहर में पालने में विराजित नन्हें प्रभु श्रीराम की जन्म आरती एवं श्रीराम-जानकी सर्व विजय महायज्ञ में शामिल साधकों को प्रख्यात कथाकार एवं शिवभक्त पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा अभिमंत्रित सर्व विजय यंत्र भेंट करने के साथ हुआ। समापन बेला पर कलेक्टर इलैया राजा टी. सहित संघ और विहिप से जुड़े अनेक श्रेष्ठीजन भी शामिल हुए। महोत्सव में नौ दिनों तक लगभग डेढ़ लाख भक्तों ने पुण्य लाभ उठाया।

'सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि श्रीराम जानकी सर्व विजय महायज्ञ में आज सुबह 11 लाख वीं आहुति संपन्न होते ही विद्वानों द्वारा यज्ञ देवता का जयघोष किया गया। यज्ञ में शामिल सभी साधकों को सीहोर वाले पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा अभिमंत्रित सर्व विजय यंत्र भी भेंट किए गए। दोपहर में राम दरबार मंदिर में पालना बांधकर जन्म आरती का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख शैलेन्द्र महाजन, प्रचारक प्रमोद झा, जिलाधीश इलैया राजा टी., एसडीएम अक्षय मरकाम आदि कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अंत में संयोजकद्वय ने सभी आभार माना।

# सांई पालकी यात्रा में लगे जय सियाराम के जयकारे

## हजारों सांई भक्तों ने की बाबा की महाआरती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति धार्मिक और मानव सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में 22 दिन से निकलने वाली सांई बाबा की प्रभातफेरी के समापन अवसर पर निकलने वाली सांई बाबा की पालकी यात्रा बड़ा गणपति से निकली।**

ट्रस्ट अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव, समीर जोशी, लक्की वर्मा ने बताया कि भव्य पालकी यात्रा की शुरूआत महआरती से हुई। यात्रा में युवाओं द्वारा स्वच्छ इन्दौर-स्वस्थ इन्दौर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जैसे सामाजिक संदेश भी दिए गए। शोभायात्रा के मार्ग में सांई भक्त सांई बाबा एवं भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए मार्ग में चल रहे थे। श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति धार्मिक और मानव सेवा ट्रस्ट संस्थापक हरि अग्रवाल, संयोजक मोहन सेंगर, विनीता सुरेंद्र पाठक ने बताया कि सांई बाबा की भव्य पालकी यात्रा में बैंड-बाजे, भजन मंडलियां, बाबा का स्वरूप, धुनी की गाड़ी शामिल थी। बड़ागणपति से प्रारंभ यात्रा टोरी कार्नर, मल्हारगंज, गौराकुंड चौराहा, सीतलामाता बाजार, नृसिंह बाजार, पिंजारा बाखल, कागदीपुरा होते हुए छत्रीबाग स्थित सांई मंदिर पहुंची। जहां सभी भक्तों ने सांई बाबा की आरती के पश्चात इस भव्य सांई पालकी यात्रा का समापन किया।

उधर श्री देवी अहिल्या सांई सोशल भक्त समिति द्वारा निकाली गई भव्य सांई पालकी यात्रा में महाराष्ट्रीयन वेशभूषा में शामिल भजन मंडलियों ने भाग लिया। मल्हारगंज स्थित छोटे गणपति मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा गोराकुंड चौराहा, खजूरी बाजार, राजबाड़ा, किशनपुरा छत्री, एम.जी रोड़ होते हुए खातीपुरा स्थित सांई मंदिर में पहुंची जहां पालकी यात्रा का समापन हुआ।

## कन्याओं को भोजन कराकर उनका पाद पूजन किया

**इंदौर।** नवरतन बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मंदिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में श्रीरामनवमी हर्षोल्लास से मनाई गई। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि श्रीराम दरबार सहित देवी प्रतिमाओं का श्रृंगार किया गया। वहीं कन्याओं का पद पूजन कर उन्हे भोजन कराया और भेंट दी। भक्तो ने बड़ी संख्या में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। दोपहर 12 बजे शंख ध्वनि और नगाड़ों के साथ भगवान श्रीराम हनुमान की महाआरती हुई। चारो ओर श्रीराम के जयकारे गूंजे।

# जल की हर बून्द अमृत के सामान मूल्यवान

## ब्रह्माकुमारीज के जल जन अभियान का शुभारम्भ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तथा भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा देश भर में जल जन अभियान चलाया जा रहा है। शहर के ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी सभागृह में गुरवार को इस अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बताया कि जल की हर बून्द अमृत के समान मूल्यवान है, इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेज कर रखना जरूरी है। कार्यक्रम में निगम के अपरायुक्त अभिषेक गहलोत ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता में कमी आई है। वनों की कटाई भी इसके लिए जिम्मेदार है। कार्यक्रम में सिटी इंजीनियर महेश शर्मा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री संदीप श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शुभारम्भ अवसर पर दीप प्रज्वलन ते बाज कु. जान्हवी ने नृत्य से जल बचाने की अपील की। ब्रह्माकुमारी उषा ने जल बचाने की शपथ दिलवाई। संचालन ब्रह्माकुमारी अनीता जी ने किया।

# 12 बजते ही रामलला की जयकार के साथ गूंजे घंटे-घड़ियाल

- शहर में धूमधाम से मनी रामनवमी
- चैत्र नवरात्रि समापन पर हुई यज्ञों की पूर्णाहुति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रामनवमी और चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन गुरुवार की सुबह आस्था और विश्वास से परिपूर्ण रही। एक ओर जहां माता मंदिरों में चल रहे नौ दिवसीय यज्ञों की पूर्णाहुति के मंत्र गूंज रहे थे। वहीं मंदिरों में माता और राम मंदिरों में रामलला का आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर के 12 बजते ही मंदिरों में रामलला के जन्मोत्सव पर घंटे-घड़ियाल और श्रीराम के जयकारे गुंजने लगे। इस दौरान मंदिरों में महाआरती हुई, जिसके बाद प्रसादी दौर शाम तक चलता रहा।**

### गीताभवन में महाआरती में शामिल हुए जगदगुरू

रामनवमी पर गीताभवन राम दरबार मंदिर पर गुरुवार को दिनभर भक्तों का सैलाब बना रहा। सुबह से राम दरबार को 11 किस्म के फूलों, रेश्मी वस्त्रों से श्रृंगारित किया गया था। दोपहर 12 बजे हुई महाआरती में हजारों भक्तों के साथ जगदुरु शंकराचार्य रामनरेशाचार्य भी शामिल हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि महाआरती के पूर्व आचार्यों ने राष्ट्र को स्वस्थ, समृद्ध एवं निरोगी रखने की प्रार्थना के साथ यज्ञ, हवन और अभिषेक कराए। सुबह रामचरित मानस का नवान्ह पारायण पाठ भी हुआ। नवरात्रि के उपलक्ष्य में चल रहे दुर्गा सप्तशती पाठ की पूर्णाहुति भी संपन्न हुई। शाम को राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 56 भोग दर्शन एवं आरती का आयोजन भी किया गया।

### आज से हनुमान प्राकट्य महोत्सव

पदाधिकारियों के अनुसार राम जन्मोत्सव के साथ ही जगदगुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामनरेशाचार्य महाराज के सानिध्य में शुक्रवार से सात दिवसीय हनुमान प्राकट्य महोत्सव का भी शुभारंभ हुआ, जो हनुमान जयंती 6 अप्रैल तक चलेगा।

# पंचकुइया से निकली भव्य श्री रामरथ यात्रा, फूलों बरसाकर किया स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राम जन्मोत्सव पर शहर की सबसे भव्य श्रीराम रथ यात्रा 500 वर्ष पुराने पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम से निकली, जिसमे 500 वर्ष प्राचीन भगवान रामलला प्रतिमा रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन दिए। जय श्री राम के जयकारों से पूरा पश्चिम क्षेत्र गूंज उठा, पूरा क्षेत्र राममय हो गया, पूरी यात्रा भगवामय थी यात्रा में हजारों भक्तों भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे। आश्रम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज ने बताया कि श्री राम मंदिर पंचकुइया आश्रम से भव्य राम रथ यात्रा की शुरुआत महाआरती के साथ हुई। यात्रा में आगे अश्व ध्वजवाहक और सैकड़ों युवा भगवा ध्वज लेकर चले। साथ ही हजारों भक्तो भी भगवा लेकर चले पूरी यात्रा भगवामय थी। दोपहर 12 बजे भगवान टीकम जी की जन्म आरती में भी सैकड़ों भक्त उमड़े। साथ ही अयोध्या, मथुरा वृन्दावन,चित्रकूट के साधु संत एवं शहर का पूरा संत समाज भी यात्रा में सम्मिलित हुआ। भक्तों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर कर यात्रा का स्वागत किया।

# जय गुरूदेव के भक्तों ने मनाया मुक्ति दिवस मनाया

## लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जय गुरुदेव महाराज के परम संत उमाकांत महाराज ने आज धार रोड स्थित आश्रम पर आयोजित 'लोकतंत्र मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया। महाराज ने आव्हान किया कि देश को तोडऩे वाली तानाशाही और धर्म विरोधी ताकतों से सावधान रहें'। आपातकाल में बाबा जय गुरुदेव असंख्य अनुयायियों के साथ बंदी बनाए गए थे। इसी घटना के फलस्वरूप जय गुरूदेव संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष 30 मार्च को लोकतंत्र मुक्ति दिवस मनाया जाता है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य का सम्मान भी किया गया। लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश अग्रवाल एवं वरिष्ठ सेनानी मो. कासम खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उमाकांत महाराज ने इस मौके पर आदित्य सहित अनेक सेनानियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। आयोजन में बड़ी संख्या में लोकतंत्र सैनानी एवं उमाकांत महाराज के शिष्य मौजूद थे।

## पूजन के साथ हादसे में मृतकों के लिए प्रार्थना की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमआईजी स्थित प्राचीन पंचदेव मंदिर पर नवरात्रि पर्व पर जारी हवन-पूजन, आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सादगी से मुख्य पुजारी पंडित रमा दीदी गुरु मां के नेतृत्व में संपन्न किया गया। इसके साथ ही पटेल नगर में हुए दुखद हादसे में मृतात्माओं की शांति के लिए सार्वजनिक प्रार्थना की गई। संध्या महाआरती के पश्चात मंदिर मुख्य पुजारी पं. रमा दीदी, आचार्य परशुराम शर्मा, पं. राजेश्वर महाराज, पं. महेश द्विवेदी तथा चौधरी अजय गुरु व संस्थापक कैलाश चौधरी तथा कैलाशचंद्र गुप्ता आदि के मार्गदर्शन में भक्तों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

## कारसेवकों का सम्मान समारोह आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** संस्था चैतन्य भारत द्वारा श्री रामजन्मभूमि मुक्ति संग्राम के नायकों का सम्मान समारोह शुक्रवार 31 मार्च को सांय माई मंगेशकर सभागृह हाल में आयोजित होगा। संस्था संरक्षक अशोक गुप्ता, स्वदेश राजोरिया एवं मयूरेश पिंगले ने बताया कि श्री रामजन्मभूमि मुक्ति संग्राम के तहत आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में 5 सदस्यीय चयन समिति ने इस वर्ष 3 नायकों का चयन किया है। जिनमें ब्रह्मलीन लक्ष्मणसिंह गौड़, कारसेवा के महामंत्री रहे जयप्रकाश भुराड़िया एवं विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री कांतिभाई पटेल के परिवार को 1 लाख की राशि व रजत प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह में कई संत-महात्मा एवं वरिष्ठजन भाग लेंगे।

## शतचंडी महायज्ञ में 75 हजार आहुतियां संपन्न

**इंदौर।** श्री श्रीविद्याधाम पर चल रहे चैत्र नवरात्रि महोत्सव का समापन आज दोपहर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा, पं. राहुल कृष्ण शास्त्री एवं पं. योगेश पाराशर के निर्देशन में सग्रहमख शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। इसके पूर्व दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव की महाआरती की गई। महायज्ञ में 75 हजार आहुतियां संपन्न हो चुकी हैं। सुबह श्रीराम महायज्ञ भी संपन्न हुआ। महानवमी पर सौभाग्यवती एवं कन्या पूजन भी किया गया। 6 अप्रैल को हनुमान प्राकट्य महोत्सव में सुबह 6 बजे षोडशोपचार पूजन, अभिषेक एवं श्रृंगार तथा प्रकोटोत्सव के बाद आरती-प्रसाद वितरण के आयोजन होंगे।


सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे
फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार
मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों
ऐसे चलता है ठगी का धंधा
मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर
DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

# जीआरपी के तीन जवानों ने पश्चिम बंगाल के यात्रियों को लूटा, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। जीआरपी थाने में पदस्थ तीन आरक्षकों ने बुधवार रात को पश्चिम बंगाल के चार यात्रियों से 37 हजार रुपये लूट लिए। मामले में कुछ लोगों ने थाने पर जमकर हंगामा मचाया। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपित आरक्षक के खिलाफ केस दर्ज किया है। तीनों को जीआरपी एसपी ने निलंबित कर दिया है। ये सभी फरार हैं।**

जीआरपी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के रहने वाले शेख अम्मर, ग्यासउद्दीन, शेख वाजिद तथा उमर खान बांकुरा में ही मदरसे में पढ़ाते हैं। रमजान माह में मदरसे का अवकाश होने के कारण चारों मदरसे के लिए चंदा एकत्र करने उज्जैन आए थे। यहां दो दिन तक उन्होंने चंदा एकत्र किया था। बुधवार रात को चारों उज्जैन-भोपाल पैसेंजर से भोपाल जा रहे थे।

## ● जांच के नाम पर रोक कर धमकाया

प्लेटफार्म पर इन यात्रियों को जीआरपी के तीन आरक्षक सत्येंद्र जाट, धर्मेंद्र तथा शांतिलाल ने जांच के नाम पर रोका और उनके सामान की तलाशी ली। चारों के पास कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। इसके बाद तीनों आरक्षकों ने चारों यात्रियों को धमकाया कि वह फर्जी रूप से चंदा एकत्र करने आए थे। चारों यात्रियों ने कहा कि वह फर्जी नहीं, उन्हें यहां के काजी ने अनुमति दी है कि वह चंदा एकत्र कर सकते हैं।

इसके बाद ही उन्होंने चंदा इकट्ठा किया था। चंदे की रसीदें भी लोगों को दी है। यात्रियों ने कहा कि उन्हें थाने ले जाकर इसकी पुष्टि कर सकते हैं। तीनों आरक्षक उन्हें थाने ले जाने लगे लेकिन बीच रास्ते में ही यह कहते हुए छोड़ दिया कि उनकी ट्रेन निकल रही है। वह जा सकते हैं।

आरक्षकों के जाने के बाद जब यात्रियों ने अपना सामान चेक किया तो पर्स में रखे रुपए गायब थे। इसके बाद वह जीआरपी थाने पहुंचे थे। जहां पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। जिस पर उन्होंने राजीव केंद्र के अध्यक्ष अब्दुल हाशमी निवासी विवेकानंद तथा अन्य लोगों को फोन कर घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी थी। सूचना मिलने के बाद समाजजन जीआरपी थाने पर एकत्र हो गए और जमकर हंगामा मचाया। इसके बाद जीआरपी के अन्य पुलिसकर्मी तीनों आरक्षकों को तलाश कर थाने लाए थे। तीनों के पास से यात्रियों के रुपये बरामद हो गए थे।

## ● पहले बचाने की कोशिश, हंगामे के बाद कायमी

रुपये बरामद करने के बाद भी जीआरपी ने आरक्षकों के खिलाफ केस दर्ज नहीं किया था। इस पर समाज के लोगों ने जमकर हंगामा मचाया। सूचना मिलने पर एसपी जीआरपी एसपी निवेदिता गुप्ता ने आरक्षकों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। गुरुवार को तीनों के खिलाफ धारा 384 तथा 34 के तहत केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि केस दर्ज होने की सूचना मिलते ही तीनों आरोपित आरक्षक फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

# सेवानिवृत्ति के साढ़े नौ वर्ष बाद वसूली राशि लौटाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। हाई कोर्ट ने राज्य शासन के उस रवैये पर आश्चर्य जताया जिसके अंतर्गत एक कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के साढ़े नौ साल बाद वसूली निकाल दी गई। हाई कोर्ट ने साफ किया कहा कि ऐसा करना सुप्रीम कोर्ट के रफीक मसीह वाले न्यायदृष्टांत के उल्लंघन की परिधि में आता है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने आठ प्रतिशत ब्याज के साथ सभी देयकों व वसूली की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने वसूली भी निरस्त कर दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि सरकार दोषी अधिकारियों से ब्याज की राशि वसूलने के लिए स्वतंत्र है।**

याचिकाकर्ता सीधी निवासी शिवचरित्र तिवारी ने वकीलों के न्यायिक कार्य से विरत रहने की अवधि में अपना पक्ष स्वयं रखा। उन्होंने दलील दी कि वे लोक निर्माण विभाग में टाइमकीपर के पद पर कार्यरत थे। विभाग की गलती के चलते 2007 की जगह 2009 में सेवानिवृत्त किया गया। कालांतर में दो वर्ष अतिरिक्त दी गई वेतन से कटौती का आदेश जारी कर दिया गया। जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई।

## अदालत ने गृह निर्माण समिति को राहत से किया इनकार

व्यवहार न्यायाधीश तबस्सुम खान की अदालत ने डा.बाबा साहब आंबेडकर गृह निर्माण समिति की वह याचिका निरस्त कर दी, जिसके जरिये भूखंड को लेकर अज्ञापक निषेधाज्ञा संबंधी राहत चाही गई थी। मामला गोहलपुर स्थित भूखंड को वादग्रस्त संबोधित करते हुए दायर किया गया था। आरोप लगाया गया था कि प्रतिवादी पक्ष मुकेश कुमार गुप्ता व सुषमा गुप्ता ने मनमाने तरीके से जिस भूखंड पर मकान बना लिया है, वह गृह निर्माण समिति की संपत्ति है। मकान निर्माण से पूर्व आवश्यक अनुमति आदि हासिल नहीं की गई। इसलिए निर्माण अवैध है। लिहाजा, कार्रवाई के निर्देश जारी किए जाएं। जबकि प्रतिवादी पक्ष ने दस्तावेजी प्रमाणों के जरिये साबित किया कि वादी पक्ष के आरोप बेबुनियाद हैं।

# कमांडर कान्फ्रेंस में शामिल होने भोपाल पहुंचे केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल। तीनों सेनाओं की कमांडर कान्फ्रेंस 30 मार्च से एक अप्रैल तक भोपाल में आयोजित की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसमें शामिल होंगे। वे कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में भारतीय सेना की कमांडर कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कान्फ्रेंस में एक अप्रैल को शामिल होंगे, वहीं राजनाथ सिंह गुरुवार शाम को भोपाल पहुंचे। गृहमंत्री डाक्टर नरोत्तम मिश्रा ने राजनाथ सिंह की अगवानी की।**

कान्फ्रेंस में नौसेना, थलसेना और वायुसेना अध्यक्ष के अलावा चीफ आफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के वरिष्ठतम अधिकारी भी शामिल हैं। कमांडर कान्फ्रेंस को सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें भारतीय सेना की रणनीति, रक्षा मामलों में आत्मनिर्भरता सहित अन्य विषयों पर चर्चा हो सकती है। वाइस चीफ, चीफ आफ इंट्रीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ, 7 आर्मी कमांडर, कमांडर 3 नेवल कमांड के प्रमुख भी कांफ्रेंस में शामिल होने भोपाल आए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक अप्रैल को प्रातः भोपाल विमानतल पर पहुंचने के बाद हेलीकाप्टर से लाल परेड ग्राउंड पहुंचेंगे, जहां से वे कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह जाकर भारतीय सेना की कमांडर कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री दोपहर बाद रानी कमलापति स्टेशन से नई दिल्ली के लिए प्रारंभ हो रही नवीन वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और भोपाल के नागरिक प्रधानमंत्री के कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह से रानी कमलापति स्टेशन जाने के यात्रा मार्ग और प्रमुख चौराहों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा और मध्य प्रदेश को वन्दे भारत ट्रेन की सौगात दिए जाने के लिए हाथों में धन्यवाद की तख्तियां लेकर स्वागत करेंगे।

अनौपचारिक रूप से कमांडर कांफ्रेंस की शुरूआत 30 मार्च को हुई। गुरुवार को तीनों सेना प्रमुख सहित सीडीएस अनिल चौहान भी पहले दिन शामिल हुए। कांफ्रेंस का आयोजन नोसेना संभाल रही है। माना जा रहा है कि शुक्रवार को रक्षा मंत्री की मौजूदगी में अलग-अलग सत्रों में रक्षा संबंधी मसलों पर चर्चा होगी।

# शारदा मंदिर से लौट रहे दो भाइयों की सड़क हादसे में मौत, दो गंभीर

**कटनी।** नवरात्र में पाली स्थित मां शारदा के प्रसिद्ध मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर लौट रहे बाइक सवार युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो का कटनी जिला अस्पताल में इलाज जारी है। परिजनों ने बताया की मां शारदा के मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए छोटू और बलराम मंदिर गए हुए थे, जहां रिश्ते में भाई आकाश और राहुल चौधरी मिले और उन्होंने घूमने की जिद्द की। एक बाइक थी, जिसमें चारों भाई सवार होकर निकले ही थे कि बाइक सलैया चौकी के ग्राम अमगवां के पास बने मोड़ के पास अनियंत्रित होकर बुरी तरह फिसल गई। रफ्तार तेज होने के चलते दो लोग पुलिया के नीचे गिर गए। तो वहीं, दो लोग सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराए। घटना में 28 वर्षीय बलराम चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# बत्ती गुल होने से उज्जैन में 400 विद्यार्थियों की पटवारी परीक्षा स्थगित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने बुधवार दोपहर पटवारी चयन परीक्षा देने उज्जैन आए 400 विद्यार्थियों की परीक्षा स्थगित कर दी। वजह, परीक्षा केंद्र (अल्पाइन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालोजी) पर दोपहर 2.30 बजे शुरू होने वाली परीक्षा शाम 5 बजे तक प्रारंभ न होना रही। इसके पीछे वजह परीक्षा केंद्र की बिजली चली जाना रही। कहा गया है कि परीक्षा की तारीख बाद में घोषित की जाएगी। इसके पहले परीक्षा समय पर शुरू न होने पर परीक्षार्थियों ने घंटों हंगामा किया। स्थिति नियंत्रण करने को परीक्षा केंद्र प्रभारी को पुलिस बल तक बुलवाना पड़ा। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को परीक्षा न होने की वजह बताते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया। बात व्यापमं तक पहुंची और निर्धारित कमेटी ने चर्चा कर सिर्फ उज्जैन के 400 विद्यार्थियों की परीक्षा स्थगित कर पृथक से कराने का निर्णय लिया। मालूम हो कि 6755 पदों पर भर्ती के लिए पटवारी चयन परीक्षा-2023 उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न केंद्रों पर 15 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। ये परीक्षा 26 अप्रैल तक रोजाना दो पाली में संचालित होना है। उज्जैन में इस परीक्षा का केंद्र अल्पाइन इंस्टीट्यूट को केंद्र बनाया है। यहां प्रतिदिन सुबह और दोपहर की पाली में 400-400 विद्यार्थी परीक्षा देने को निर्धारित किए गए हैं।

**इनका कहना-** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने बुधवार दोपहर उज्जैन में पटवारी चयन परीक्षा देने आए विद्यार्थियों की परीक्षा स्थिगित कर दी है। कारण, परीक्षा के समय परीक्षा केंद्र की बिजली चली जाना रही। हालांकि परीक्षा केंद्र पर बैकअप स्वरूप जनरेटर की व्यवस्था थी, मगर वो भी समय पर काम नहीं आया।

- कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर, उज्जैन

# करीब 7 घंटे भोपाल में रहेंगे पीएम मोदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना के संयुक्त कमांडर सम्मेलन में शिरकत करने कल 01 अप्रैल को भोपाल आ रहे हैं। वह यहां रानी कमलापति स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री करीब सात घंटे तक भोपाल में रहेंगे। शाम को वह वापस दिल्ली रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को रानी कमलापति स्टेशन पहुंच कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीएम शिवराज के साथ चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक कृष्णा गौर, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी और अन्य जन-प्रतिनिधि भी साथ थे।**

मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश को 'वंदे भारत ट्रेन' की बड़ी सौगात दी है। इसके लिए प्रधानमंत्री का हम हृदय से धन्यवाद करते हैं। यह ट्रेन भोपाल के रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन से दिल्ली तक चलेगी। लगभग 8 घंटे में यह सफर शताब्दी एक्सप्रेस के सफर से सवा घंटे कम अवधि में पूरा होगा। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कमांडर कांफ्रेंस में शिरकत करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी वहां से रानी कमलापति स्टेशन तक सड़क मार्ग से आएंगे। प्रधानमंत्री स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री से बच्चे भी ट्रेन के एक कोच में भेंट और चर्चा करेंगे।

मुख्यमंत्री शिवराज ने शिवाजी नगर के 6 नंबर स्टॉप का अवलोकन कर प्रधानमंत्री मोदी के एक अप्रैल को भोपाल में हो रहे कार्यक्रम के यात्रा मार्ग पर की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि शिवाजी नगर क्षेत्र में मार्ग के एक तरफ नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का अभिवादन कर स्वागत करेंगे।

## ● पीएम मोदी के भोपाल दौरे का शेड्यूल

सुबह 9:25 बजे- राजा भोज विमानतल (स्टेट हैंगर) पर विशेष विमान से पहुंचेंगे।

सुबह 9:30 बजे - स्टेट हैंगर से हेलीकाप्टर के जरिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार के लिए रवाना होंगे। पीएम का हेलीकाप्टर लाल परेड मैदान के हेलीपेड पर लैंड करेगा।

सुबह 10:00 बजे - कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संयुक्त कमांडर कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे।

अपराह्न 3:05 बजे - कुशाभाऊ ठाकरे सभागार से सड़क मार्ग से रानी कमलापति स्टेशन के लिए रवाना होंगे।

अपराह्न 3:15 बजे - रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां वंदे भारत ट्रेन को रवाना करेंगे।

सायं 4:10 बजे - भोपाल एयरपोर्ट से वापस दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## संपादकीय

# सवालिया निशान

पंजाब सीमावर्ती राज्य है और वहां आतंकी गतिविधियों के पैर पसारने की आशंका सदा बनी रहती है। यह भी बात छिपी नहीं है कि खालिस्तान का झंडा उठाए उपद्रवियों को सीमा पार से समर्थन हासिल है। ऐसे में अमृतपाल जैसे अलगाववादियों के खिलाफ किसी भी तरह की लापरवाही एक तरह से सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाती है। दरअसल अमृतपाल ने वीडियो में कहा भी है कि 'मैं पूरे जोश में हूं, मुझे कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता0। इस वीडियो के आने के बाद पुलिस एक बार फिर सक्रिय हो गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह आत्मसमर्पण कर सकता है। मगर उसके वीडियो संदेश से लगता नहीं कि वह आसानी से काबू में आने वाला है। उसने पुलिस कार्रवाई को सिख समुदाय पर हमला बता कर वही खेल खेलने की कोशिश की है, जो भिंडरांवाले ने खेला था। अमृतपाल उसी रणनीति के तहत शुरू से गुरुग्रंथ साहब को आगे करके चलता रहा है। मगर सच्चाई यह है कि उसे कुछ दिग्भ्रमत लोगों का समर्थन तो जरूर मिला, मगर पूरे सिख समुदाय का समर्थन हासिल नहीं हो सका। वह हो भी नहीं सकता, यह बात वह अच्छी तरह जानता है। इसीलिए वह लोगों का भावनात्मक दोहन करने का प्रयास कर रहा है। मगर यह सवाल अभी तक अनुत्तरित है कि अमृतपाल पुलिस घेरे के बीच से भागने में कामयाब कैसे हो गया। फिर वह इतने दिनों तक बचता कैसे फिर रहा है। पुलिस के पास इतने अत्याधुनिक सूचना उपकरण हैं, वह उसकी टोह लेने में कैसे विफल साबित हो रही है। कभी कहीं उसकी तस्वीर देखी जाती है तो कभी दूसरी जगह। पुलिस इस बात से अनजान नहीं मानी जा सकती कि जब तक वह उसकी चंगुल से बाहर रहेगा, उसके उपद्रव मचाने की आशंका भी बनी रहेगी। सवाल यह भी है कि जब अजनाला थाने पर उसने अपने हथियारबंद समर्थकों के साथ हमला कर अपने एक साथी को छुड़ा था, तभी पुलिस ने उसके खिलाफ सख्ती क्यों नहीं बरती। वह कई दिनों तक खुलेआम साक्षात्कार और भड़काऊ बयान देता रहा। देश की सरकार को चुनौती देता रहा। इस ढिलाई की वजह से पंजाब सरकार पर स्वाभाविक ही अंगुलियां उठती रहीं। जब केंद्र के सहयोग से कार्रवाई शुरू भी हुई, तो वह लचर ही साबित हुई।

## महिला जगत

# गरीबों को जमीन का मालिकाना हक दिलाने वाली कृष्णम्माल जगन्नाथन

**तमिलनाडु के कीलवेनमनी के एक छोटे से गांव में खेतों में काम करने वाले मजदूर किसानों ने अपने मेहनताने को बढ़ाने की मांग की तो 40 से ज्यादा किसान मजदूरों को जिंदा जला दिया गया था। इस निर्दयी घटना के बाद कृष्णम्माल तुरंत उस जगह पहुंची और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए राज्य सरकार की मदद से जमींदारों से जमीन दिलाई।**



गरीबों के लिए आवाज उठाने वाले बहुत कम ही लोग होते हैं। लेकिन भारत में ऐसे हीरो हुए जिन्होंने गरीबों के लिए न केवल आवाज उठाई, बल्कि उन्हे हक भी दिलाया। इस तरह की मिसाल एक महिला ने पेश की। तमिलनाडु की कृष्णम्माल जगन्नाथन ने हजारों गरीबों के लिए आंदोलन छेड़ा। गरीबों को जमीन का मालिकाना हक दिलाया। देश की आजादी के बाद भूदान आंदोलन का हिस्सा बनते हुए जमींदारों को मनाया और जमीन का कुछ हिस्सा भूमिहीन किसानों को दान स्वरूप दिलाया। इतना ही नहीं महिलाओं के नाम जमीन का पंजीकरण कराने के लिए भी आंदोलन चलाया। चलिए जानते हैं कृष्णम्माल जगन्नाथन के बारे में, जिन्होंने गरीब किसानों और महिलाओं के लिए आवाज उठाई।

### जब किसानों को जिंदा जला दिया गया

तमिलनाडु के कीलवेनमनी के एक छोटे से गांव में खेतों में काम करने वाले मजदूर किसानों ने अपने मेहनताने को बढ़ाने की मांग की तो 40 से ज्यादा किसान मजदूरों को जिंदा जला दिया गया था। इस निर्दयी घटना के बाद कृष्णम्माल तुरंत उस जगह पहुंची और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए राज्य सरकार की मदद से जमींदारों से जमीन दिलाई। बैंकों के बातचीत करके 15000 परिवारों को 15000 एकड़ जमीन मिल पाई। कृष्णम्माल ने महिलाओं ने नाम जमीनों का रजिस्ट्रेशन कराया। गरीब किसानों के बच्चों के लिए रात के स्कूल शुरू किए।

### कृष्णम्माल जगन्नाथन का जीवन परिचय

कृष्णम्माल जगन्नाथन का जन्म तमिलनाडु के दिंडुक्कल में हुआ था। वह विनोबा भावे की समर्थक थीं। कृष्णम्माल की मां ने भी गरीबी के खिलाफ आवाज उठाई थी। कृष्णम्माल अपनी मां से प्रभावित थीं। आगे चलकर गरीबों को भूमि दिलाने के लिए यह उनकी प्रेरणा बना।

उनका विवाह जगन्नाथन नाम के शख्स से हुआ था। आजादी के बाद स्वतंत्रता सेनानी आचार्य विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन की शुरुआत की। ये आंदोलन भूमिहीन किसानों को जमीन दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। साल 1950 में कृष्णम्माल विनोबा के भूदान आंदोलन का हिस्सा बनीं। अपने पति के साथ मिलकर उन्होंने कई जमींदारों से भूमिहीन लोगों को मुफ्त या कम दाम में जमीन दिलाने का आह्वान किया।

हालांकि कृष्णम्माल के लिए ये काम आसान नहीं था। कई जमींदारों का गुस्सा कृष्णम्माल पर फूटा। लेकिन उनका प्रयास और आंदोलन जारी रहा। वह पदयात्रा निकालतीं, शांतिपूर्ण बैठक करतीं और अमीरों को गरीब लोगों के मदद के लिए आह्वान करतीं।

### बोधगया आंदोलन

केवल दक्षिण भारत ही नहीं बिहार के मजदूर किसानों को भी जमीन दिलाने के लिए कृष्णम्माल और उनके पति जगन्नाथन बोधगया आंदोलन में शामिल हुए। तमिलनाडु से बिहार आना उनके लिए आसान नहीं था। नया राज्य, नई भाषा और कई चुनौतियों का सामना करते हुए बिहार के हजारों गरीब लोगों को जमीन का मालिकाना हक दिलाया। उन्होंने 1981 में लैंड फ़ॉर टिलर्स फ्रीडम नाम की संस्था का गठन किया, जो गरीबों को कम दाम में जमीन दिलवाने में मदद करती है।

### उपलब्धि

कृष्णम्माल के प्रयासों और योगदान की सराहना पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी की थी। उन्होंने संसद में भूदान आंदोलन के तहत गरीबों को 30000 एकड़ जमीन देने की घोषणा की। कृष्णम्माल के योगदान के कारण ही पूर्वी तंजौर जिले में उन्हें 'अम्मा' के नाम से भी जाना जाता है। भूमि सुधार और आजीविका के अधिकार में योगदान के लिए कृष्णम्माल को पद्मश्री समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

## Highlights

1. ₹77 cr of missed gains due to poor fund selection: Dezerv
2. Rapper Flo Rida's 6-yr-old son falls from 5th floor apartment window
3. What is known about new XBB.1.16 COVID-19 variant said to be behind rising cases?
4. Elon Musk becomes the most followed person on Twitter
5. Man destroys NFT worth ₹1 crore by mistake, loses 'a third of his net worth'
6. Billionaire Branson's Virgin Orbit ceases operations, lays off 85% of staff
7. This witch-hunt will backfire massively on Biden: Trump after indictment

# Wall Street rises as bank fears fade, focus on inflation data

**NEW DELHI, (Agency).** Wall Street's main indexes climbed on Thursday as fears of a banking crisis eased, with rate-sensitive real estate and technology stocks leading gains ahead of key inflation data that could shape the Federal Reserve's policy path.

Investors await the February reading of personal consumption expenditures (PCE) price index, the Fed's preferred inflation gauge, due on Friday after January figures showed a sharp acceleration in consumer spending.

Data on Thursday showed jobless claims last week rose more than expected from the week before indicating a cooling labor market, while fourth-quarter GDP growth was slightly lower at 2.6% compared with earlier estimates of 2.7%, both supporting the case for a softer Fed policy.

"In some ways, the Fed simply wanted to see a cyclical slowdown, and we are seeing




signs of that. It helps to confirm that the Fed is near the end of tightening," said David Russell, vice president of Market Intelligence at TradeStation.

The banking turmoil, which started earlier this month with the collapse of two regional U.S. lenders, had sparked concerns about a broader financial crisis and led to a dramatic shift in monetary policy expectations from the Fed.

Traders' bets are now almost equally split between a pause and a 25-basis-point rate hike by the Fed in May, according to CME Group's Fedwatch tool.

Megacaps Apple Inc, Tesla Inc, Amazon.com and Microsoft Corp rose 0.8% to 1.2%, lifting the consumer discretionary and technology indexes by about 1% each.

Real-estate stocks led sectoral gains, up 1.3%.

Both the S&P 500 and the tech-heavy Nasdaq are headed for quarterly gains, with the latter on course for its best quarter since the end of 2020.

# Noise ColorFit Loop is a consistent yet unremarkable smartwatch on a budget

**NEW DELHI, (Agency).** There really is no shortage of affordable Android smart-watches in India. Choices aplenty, and a large part of that market is dominated by Indian tech companies. This is one instance. Noise has an extensive smartwatch port-folio and quite a few are very similar too, which often adds a layer of complication for potential consumers – which one to pick? The Noise ColorFit Loop would be one of those, which you may con-sider. Mind you, these are smart watches made on a budget. The flexibility is, works well enough with Android phones and the Apple iPhone.

This is priced at ₹2,499 and there are six colour com-binations which you can pick from.

A spectrum that includes



the fairly consistent Jet Black and Mist Grey but equally the less commonplace options including Rose Pink, Olive Green, and Midnight Blue.

This watch has a squarish design is made of plastic and there is one dial on the right side.

Overall quite an unre-markable design, but it sim-ply works, and feels well put together.

There is the IP68 water resistance rating which adds a bit of robustness to this watch though.

The Noise ColorFit Loop's 1.85-inch display is par for the course with affordable smartwatches. It looks good for sure, with vivid colours and the slight curves on the edges which allow the finger to gently slide off during swipe gestures.

## Rajasthan

# रामनवमी के जुलूस में तीन युवकों की करंट लगने से मौत, करतब दिखाते हुए 11 केवी की लाइन से लगा झटका

**कोटा, (एजेंसी) कोटा जिले के कोटड़ा दीपसिंह गांव में रामनवमी के जुलूस के दौरान तीन लोगों की जान चली गई। गुरुवार को निकल रहे जुलूस के दौरान करंट लगने से तीन लोगों की मौत हुई। वहीं, चार गंभीर रूप से झुलस गए। अखाड़े के युवक करतब दिखा रहे थे। उसी दौरान एक युवक का चक्र ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन पर जाकर अटक गया।**



बता दें सड़क के बीचो बीच रस्सी में बंधे चक्र को उतारने के लिए कई लड़के एक के ऊपर एक चढ़कर रस्सी से चक्र को उतार रहे थे। इसी दौरान सबसे ऊपर मौजूद युवक का हाथ 11 केवी की इलेक्ट्रिक लाइन से छू गया। इसके बाद धमाके साथ सभी सात युवक करंट की चपेट में आ गए। उन्हें सुल्तानपुर हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां, डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। करतब दिखाने वाले सभी लोग श्री मंशापूर्ण व्यायामशाला, बड़ौद नगर से जुड़े हुए थे।

जानकारी के मुताबिक घटना शाम पांच बजे के आसपास की है। अखाड़े में शामिल युवक चक्कर को उतारने लगे। इसी दौरान करंट की चपेट में आकर नीचे गिर पड़े। हादसे से मौके पर भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने सीपीआर देना शुरू किया और पानी डाला। फिर सुल्तानपुर हॉस्पिटल लाए। इलाज के दौरान बड़ोद निवासी महेंद्र यादव, अभिषेक नागर, ललित प्रजापति की मौत हो गई। हादसे में झुलसे हिमांशु, राधेश्याम और अमित को कोटा रेफर किया गया है एक अन्य घायल का सुल्तानपुर में इलाज चल रहा है।

## New Delhi

# मरीजों से वसूली के मामले में सफदरजंग अस्पताल के न्यूरोसर्जन समेत पांच गिरफ्तार, सीबीआई की कार्रवाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बृहस्पतिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सफदरजंग अस्पताल के एक न्यूरोसर्जन मनीष रावत और उसके चार सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया। इन पर सर्जरी के नाम पर मरीजों से वसूली करने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, रोगियों को उनकी सर्जरी से पूर्व कथित रूप से अत्यधिक कीमतों पर एक विशेष स्टोर से सर्जिकल उपकरण खरीदने के लिए मजबूर किया जाता था। अधिकारियों ने बताया, न्यूरोसर्जन मनीष रावत को बृहस्पतिवार तड़के गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी की और इस मामले में सांठगांठ का पर्दाफाश किया। सीबीआई ने न्यूरोसर्जन रावत के अलावा और उसके चार सहयोगियों को भी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया। इनमें नई दिल्ली में कनिष्क सर्जिकल के मालिक दीपक खट्टर और बिचौलिए अवनीश पटेल, मनीष शर्मा और कुलदीप शामिल हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद रावत का सुबह सात बजकर 52 मिनट पर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सीबीआई ने रावत पर अस्पताल के स्थापित मानदंडों का उल्लंघन करने, चिकित्सा परामर्श और शल्य प्रक्रियाओं के लिए अपने सहयोगियों के साथ मिलीभगत कर रोगियों से पैसा वसूलने का आरोप लगाया।

## Uttarpradesh

# कानपुर के हमराज कॉम्प्लेक्स में देर रात लगी भीषण आग, पांच सौ दुकानें खाक, करीब सौ करोड़ के नुकसान की आशंका

**कानपुर, (एजेंसी)** अनवरगंज थानाक्षेत्र के बांसमंडी स्थित हमराज कांपलेक्स के बगल में खड़ी इमारत एआर टावर में आग लग गई। आग गुरुवार देर रात करीब 3:00 बजे के आसपास लगी। आग में करीब पांच सौ दुकानें जलकर खाक हो गईं, करोड़ों के नुकसान की आशंका है। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखकर स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती तब तक आग ने बगल की दुकानों को भी आगोश में ले लिया। दमकल की 35 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं। अभी तक किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। राहत और बचाव कार्य जारी है। ईद की वजह से पूरी रेडीमेड मार्केट में माल भरा हुआ था। लोग बर्बाद हो गए हैं चीख-पुकार मची है।



## Jharkhand

# दामाद पर आया अधेड़ सास का दिल, रोड़ा बने पति को कुल्हाड़ी से काट डाला

**गढ़वा, (एजेंसी)** पुलिस ने थानांतर्गत सोनवर्षा में मुस्लिम अंसारी हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। गुरुवार को नगर ऊंटारी थाना में प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि मुस्लिम की हत्या उसकी पत्नी जुलेखा बीवी और उसके प्रेमी दामाद नाजिर अंसारी ने मिलकर की थी। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में दोनों ने हत्याकांड में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर लिया गया है। दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया।



एसडीपीओ ने बताया कि मुस्लिम और नाजिर दोनों एक साथ बंगलोर में काम करते थे। नाजिर उसके घर आया -जाया करता था। उसी दौरान नाजिर और जुलेखा के बीच प्रेम संबंध हुआ। उसकी भनक मुस्लिम को लग गई थी। उक्त कारण दोनों के बीच अनबन रहने लगी। बाद में जुलेखा ने अपनी बेटी की शादी नाजिर से कर दी। जुलेखा व नाजिर के बीच जब प्रेम संबंध परवान चढ़ा तो जुलेखा ने दामाद के साथ मिलकर पति मुस्लिम की हत्या कर दी गई। मामले में मृतक के पिता सदीक अंसारी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। एसडीपीओ ने बताया कि 25 मार्च की रात सोनवर्षा गांव निवासी मुस्लिम अंसारी की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया गया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया।

## खेल


# आईपीएल के पहले मैच पर बारिश का साया

## अहमदाबाद में मौसम की आंख-मिचौली से परेशान फैंस

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच आईपीएल के 16वें सीजन का पहला मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें शुक्रवार (31 मार्च) को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। इस मैच से पहले क्रिकेट फैंस को इस बात का डर सता रहा है कि कहीं मुकाबला बारिश की भेंट न चढ़ जाए। दरअसल, मैच से एक दिन पहले गुरुवार को शाम में अहमदाबाद में झमाझम बारिश हुई। इससे फैंस के मन में डर बैठ गया है।

गुरुवार को देश के कई शहरों में बारिश हुई। अहमदाबाद में भी देर शाम बारिश हुई। हालांकि, फैंस के अच्छी खबर यह है कि यह ज्यादा देर नहीं हुई और जल्द ही रुक गई। इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास करते भी देखा गया। अब फैंस इस बात की प्रार्थना कर रहे हैं कि मैच में बारिश खलल नहीं डाले। मुकाबले से पहले ओपनिंग सेरेमनी का भी आयोजन होना है।

एक्यूवेदर डॉट कॉम के मुताबिक, मैच के दौरान बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम बिल्कुल साफ रहेगा। इस दौरान न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।



गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। उससे पहले शाम 6:00 बजे से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा। ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड के कई स्टार परफॉर्म करेंगे।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी है कि अभिनेत्री रश्मिका मंदाना कार्यक्रम में परफॉर्म करेंगी। करीब एक लाख दर्शकों के सामने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मंदाना का जलवा दिखेगा। रश्मिका से पहले मशहूर गायक अरिजीत सिंह और मशहूर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के समारोह में भाग लेने की पुष्टि हो चुकी है।

## सिनेमा

# बॉलीवुड पर फिर भारी पड़ा साउथ सिनेमा, नानी की 'दसारा' ने दी अजय की 'भोला' को मात




बीते दिन एक ओर जहां सिनेमाघरों में अजय देवगन (Ajay Devgn) की बॉलीवुड फिल्म भोला रिलीज हुई तो दूसरी ओर साउथ इंडियन फिल्म दसारा ने भी थिएटर्स में एंट्री मारी। भोला में जहां अजय देवगन के साथ तबू (Tabu) नजर आ रही हैं तो दसारा में नानी (Nani) का साथ कीर्ति सुरेश (Keerthy Suresh) ने दिया है। दोनों फिल्मों के कलेक्शन का अर्ली ट्रेंड सामने आ चुका है और एक बार फिर बॉलीवुड पर साउथ इंडियन फिल्म भारी पड़ती दिखी है। अजय देवगन की फिल्म भोला को एक जहां क्रिटिक्स से मिक्स रिस्पॉन्स मिला है तो दूसरी ओर सोशल मीडिया यूजर्स ने फिल्म को शानदार बताया है। बीते कुछ वक्त में रिलीज हुईं बॉलीवुड फिल्मों के मुताबिक भोला का पहले दिन का कलेक्शन ठीक है। sacnilk की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन 11.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। अजय देवगन के साथ ही फिल्म में तबू, दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा और गजराज राव प्रमुख किरदारों में हैं। बीते कुछ सालों में साउथ इंडियन फिल्मों को हिंदी पट्टी के दर्शकों ने भी पसंद किया है। साउथ की कुछ ऐसी फिल्में भी रही हैं, जिनके हिंदी वर्जन ने 50 से लेकर 100 करोड़ और उससे भी अधिक कमाई की है। फिल्म दसारा का पहले दिन का कलेक्शन भी अच्छा है। sacnilk की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक दसारा ने पहले दिन नेट 17 करोड़ का कलेक्शन किया है। ये कमाई सभी भाषाओं के कलेक्शन को मिलाकर हैं। फिल्म में नानी के साथ कीर्ति सुरेश नजर आ रही हैं।

# महंगी विदेशी शराब के साथ पकड़ाया तस्कर

## पंजाब के युवक से भी अफीम बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ऑपरेशन प्रहार के तहत क्राईम ब्रांच की टीम ने ऐसे शराब तस्कर को पकड़ा है, जो ग्राहकों से आर्डर लेकर उन्हें घर तक शराब की डिलेवरी करता था। आरोपी के कब्जे से 64 बोतल महंगी अंग्रेजी शराब जब्त हुई है। उधर, पुलिस ने पंजाब के एक युवक को पकड़कर उसके पास से भी अफीम बरामद की है।**

क्राइम ब्रांच अधिकारियों के अनुसार अवैध मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि सदरबाजार थाना क्षेत्र के राधानगर कॉलोनी में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। इस पर क्राइम ब्रांच एवं सदरबाजार थाने की टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर मनिंदर सिंह निवासी राधानगर कॉलोनी को पकड़ा। तलाशी में आरोपी के पास अंग्रेजी शराब की बोतल मिली, जिसके संबंध में वैध लाइसेंस पूछते नहीं होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 64 बॉटल (लगभग 43.15 लीटर) अंग्रेजी शराब जप्त कर, थाना सदरबाजार में 34आबकारी अधिनियम के अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी प्रकार भंवरकुआ पुलिस ने पंजाब के एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 250 ग्राम अफीम जब्त की है। पुलिस के अनुसार सूचना पर ट्रांसपोर्टनगर में घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। उसके कब्जे से अवैध अफीम मिली। आरोपी का नाम मनप्रीतसिंह पिता जसविंदरसिंह है। आरोपी ने बताया कि उक्त अफीम उसने जावरा से खरीदी थी और यहां डिलीवरी देने आया था। उससे और पूछताछ की जा रही है।

### शातिर वाहन चोर गिरफ्त में

**इंदौर।** एक वाहन चोर दो अलगअलग थाना इलाकों से गाड़ियां चुराकर क्लॉथ मार्केट की पार्किंग में रख देता था। वह पकड़ाया तो उसे पहले मल्हारगंज थाने को सौंपा गया वहां से छतरीपुरा के बारे में बताया गया। 2 दिन से मामला दो थानों के बीच में झूल रहा है। इधर आरोपी को जब कारोबारियों ने पकड़ा तो जमकर अपना गुस्सा भी निकाला। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम गौरव है। वह राजमोहल्ला में वाइन शॉप के बाहर से गाडियां चोरी करता इतना ही नहीं छत्रीपुरा इलाके की भी उसने गाड़ियां चुराई थी। जिन गाडियों को वह चुराता था उन्हे क्लाथ मार्केट की पार्किंग में खडी करता था व्यापारियों ने उसे रंगेहाथों पकड़ा और पुलिस को सौंपा है।

# परिवार से मारपीट, तीन घायल

## धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंचे थे कार्यकर्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** समीपस्थ महू के कोतवाली थाना क्षेत्र में आने वाले खान कॉलोनी में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 11.15 बजे हिंदू संगठन के लोगों ने एक मकान में जमकर तोड़फ़ोड़ कर दी। बताया जा रहा है कि हिंदू संगठन को सूचना मिली थी कि खान कालोनी के एक घर में ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और मौजूद लोगों के साथ मारपीट कर तोड़फ़ोड़ करना शुरू कर दी। इस दौरान घर में कई महिलाएं और बच्चे भी थे। घायलों की संख्या फिलहाल तीन से चार बताई जा रही है।

इसके पहले भी लॉकडाउन में इसी मकान में हिंदू संगठन को सूचना मिली थी कि यहां पर धर्म परिवर्तन करवाया जाता है फिलहाल मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।घर में रहने वाले लोगों का कहना है कि घर के नीचे हमने छोटा सा चर्च बना रखा है और हम प्रार्थना कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने आकर हमारे घर और प्रार्थना घर में तोडफ़ोड़ करना शुरू कर दी। ये मकान रवि उपाध्याय का बताया जा रहा है। मामले में कोतवाली के इंचार्ज देवेश पाल का कहना है कि हिंदू संगठन के लोग खान कॉलोनी के एक मकान में पहुंचे थे यहां पर धर्म परिवर्तन होने की बात कह रहे थे। मौके पर जाकर देखा तो घर में कुछ लोग मौजूद थे। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# बाइक बदमाशों ने बेग और मोबाइल लूटा

## महिला और युवक के साथ हुई वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला का बेग लूट लिया, वहीं युवक से मोबाइल छिनकर भाग निकले। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पहली घटना में स्कीम नंबर 78 में रहने वाली दीपिका पिता महेश चंद्र तिवारी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि वह विजय नगर चौराहे पर एक निजी कंपनी में नौकरी करती है और शाम विजय नगर चौराहे पर ऑटो रिक्शा का इंतजार कर रही थी तभी बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दो युवक आए। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। पीछे बैठे युवक ने उसके हाथ से पर्स छीन लिया और भाग गए। पर्स में नकदी क्रेडिट एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन रखा था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी रवि पिता राम चंद्र सोनी निवासी सिलिकॉन सिटी ने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर मोबाइल फोन पर दोस्त से बात कर रहा था तभी काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाश है और पीछे बैठे बदमाश ने उसे धक्का दे दिया जिसमें वह गिर गया और बदमाश मोबाइल छीन कर भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही राजेंद्रनगर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को पकडऩे के लिए नाकेबंदी की मगर उनका कोई सुराग नहीं मिला।

### सड़क हादसे में मौत

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में सड़क निर्माण का काम कर रहे मजदूर पर मिक्सर मशीन गाड़ी चढ़ गई। हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। हीरानगर पुलिस के अनुसार मृतक का नाम रंग लाल पिता हुरजी निवासी भानगढ़ रोड ट्रीटमेंट प्लांट झोपड़पट्टी है। उसके भाई सूरज ने बताया कि क्षेत्र में सड़क बन रही है। कल कुछ मजदूर सड़क के किनारे सुस्ताने के लिए बैठ गए थे। रंगलाल भी वहीं बैठा था। उसी दौरान माल मिक्स करने वाली मिलर गाड़ी वहां से निकली वह गाड़ी रंगलाल पर चढ़ गई । मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रंगलाल का 6 माह का बच्चा है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में एक अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने खुदकुशी क्यों की है फिलहाल पता नहीं लगा है। पुलिस के अनुसार मृतिका का नाम रायजा बाई पति सिगदर डुडवे निवासी उमरीखेड़ा सपेरा कॉलोनी है। उसके बेटे प्रकाश ने पुलिस को बताया कि वह सुबह काम पर चला गया था। शाम को घर लौटा तो पत्नी ने बताया कि उसकी मां ऊपर के कमरे में है और दरवाजा नहीं खोल रही है। उन्होंने जैसे-तैसे कमरे का दरवाजा खोला तो उसकी मां फंदे पर लटकी हुई थी। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### यहां नव विवाहिता ने की आत्महत्या

उधर, लसूडिया इलाके में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। 15 माह की बच्ची उसके पास ही सो रही थी, तभी मां ने जानलेवा कदम उठा लिया। लसूडिया पुलिस के अनुसार मृतिका का नाम टीना पति सचिन वर्मा निवासी अरंडिया थाना लसूडिया है। दंपत्ति की 15 माह की बच्ची है। टीना ने कमरे में ही फांसी लगा ली। पति सचिन की नींद खुली तो उसे फंदे पर लटका देखा जिसके बाद पुलिस को खबर की गई। लसूडिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल खुदकुशी की वजह साफ नहीं हुई है।

### शराब बुजुर्ग की मौत

अधिक शराब पीने से एक बुजुर्ग मौत का शिकार हो गए। ओमप्रकाश पिता रूप सिंह (60) निवासी नवरंग पुरा बेटमा की उपचार के दौरान एम वाय अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ओमप्रकाश शराब पीने का आदी था। 2 दिन पहले अधिक शराब पीने के कारण वहां बेसुध हो गया जिसे परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है ।

# युवक का मुंह झुलसा

## ●बदमाश ने फेंका था ज्वलनशील पदार्थ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देर रात द्वारकापुरी इलाके में एक युवक के मुंह पर बदमाश ने ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया जिससे उसका चेहरा झुलस गया।घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घायल का नाम मनोज पिता गोपाल मोरे निवासी दिग्विजय मल्टी है। उसने पुलिस को बताया कि घर में खाना खाने के बाद रात में घर के बाहर घूम रहा था तभी क्षेत्र का रहने वाला बदमाश गणेश पिता जगदीश आया और पुराने विवाद को लेकर गालियां देने लगा । गाली देने से मना किया तो उसने जेब में रखी बोतल निकाली और मुंह पर डाल दी जिसके कारण युवक का मुंह झुलस गया । युवक ने शोर मचाया तो उसका भाई राजेश और चचेरा भाई मिथुन आए और अस्पताल इलाज के लिए ले गए। द्वारकापुरी पुलिस ने आरोपी गणेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। इसी प्रकार अन्नपूर्णा चौपाटी पर नितिन पिता मुकेश निवासी सुदामा नगर को गोपाल प्रजापत और उसके एक अन्य साथी ने रोका और पुराने विवाद को लेकर गालियां देने लगे। नितिन ने गाली देने से मना किया तो गौरव ने चाकू निकाला और उसपर हमला कर दोनों भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।